bajaj CONSUMER CARE

August 7, 2021

| | |
|---|---|
| DCS-CRD<br>BSE Limited<br>First Floor, New Trade Wing<br>Rotunda Building,<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers<br>Dalal Street, Fort, Mumbai 400 023<br>**Stock Code: 533229** | Listing Compliance<br>National Stock Exchange of India Ltd.<br>Exchange Plaza, 5th Floor<br>Plot No. C/1, 'G' Block<br>Bandra- Kurla Complex<br>Bandra East, Mumbai 400 051<br>**Stock Code: BAJAJCON** |

Dear Sir/Madam,

**Sub: News Paper Publication of Extracts of Consolidated Unaudited Financial Results for the quarter ended June 30, 2021**

Pursuant to the Regulation 30 and 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we are enclosing herewith copies each of Economic Times (English Daily) and Jai Rajasthan (Hindi Daily) both dated August 7, 2021 for publication of extracts of Consolidated Unaudited Financial Results for the quarter ended June 30, 2021.

The same may please be taken on record and suitably disseminated to all concerned.

Thanking you,

Yours Sincerely,
**For Bajaj Consumer Care Limited**

**Chandresh Chhaya**
**Company Secretary & Compliance Officer**
Membership No.: FCS 4813

Encl: as above

# आज का चित्र




## सीबीएसई 10वीं रिजल्ट में प्रशस्ति शर्मा ने प्राप्त किये 94.80 प्रतिशत अंक




उदयपुर, 6 अगस्त। महाराणा मेवाड़ पब्लिक स्कूल की छात्रा प्रशस्ति शर्मा पुत्री डॉ. किशोरीलाल शर्मा ने सीबीएसई दसवीं बोर्ड के परिणाम में 94.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं।

प्रशस्ति शर्मा के पिताजी डॉ. किशोरीलाल शर्मा, मदन मोहन मालवीय राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, उदयपुर में एसोसिएट प्रोफेसर है एवं माताजी राजकीय अध्यापिका हैं। प्रशस्ति शर्मा भविष्य में एक्स से एमबीबीएस करना चाहती है।

## डॉ. विवेक कटारा ने किया पौधों का वितरण



उदयपुर, 6 अगस्त। आज मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी द्वारा चलाई जा रही घर घर ओषधि योजना का शुभआरम्भ ग्राम पंचायत उन्दरी खुर्द एवं उन्दरी कला मे सदस्य, अखिल भारतीय कंग्रेस कमेटी डॉ. विवेक कटारा द्वारा किया गया इस मोके पर डॉ. विवेक कटारा ने तुलसी, गिलोय, कलामेघ, अश्वगंधा के पौधों का वितरण किया एवं सभी ग्रामीणों को मुख्यमंत्री द्वारा चलाई जा रही घर घर ओषधि योजना के महत्व के बारे मे बताया साथ ही कटारा ने कहा क़ी हर घर मे कोरोना समय मे इन ओषधि का होना बहुत आवशयक है इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सभी लोग एवं वन विभाग के अधिकारी , कार्यकर्ता शंकर, विजय चौधरी,मगन जी, चेतन गुर्जर, जालम चन्द उपस्थित थे।

# आधुनिक शिक्षा के साथ विधार्थी को दे वैदों का ज्ञान : प्रो. सारंगदेवोत

## नवचंडी यज्ञ का हुआ समापन



उदयपुर, 6 अगस्त। जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय के संघटक साहित्य संस्थान व राजस्थान संस्कृत अकादमी जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नवचंडी यज्ञ का आयोजन कपासन स्थित राशमी स्थित अलख देव गुरूकुल में सम्पन्न हुआ। यज्ञ के पूर्णाहूति पर पूरी विधि विधान के साथ कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने भाग लेते हुए उपस्थित बटुक को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारी प्राचीन संस्कृति एवं वैदिका पूजा का पुनः जनजागरण करना होगा। प्रो. सारंगदेवोत ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य वैदिक संस्कृति के संरक्षण के लिए किया जा रहा है जिसमें गुरूकुल में अध्ययनरत विधार्थी एवं आचार्य के मध्य संवाद को दर्शाया जायेगा और उसके बाद हवन की प्रक्रिया को सम्पन्न किया जायेगा। प्रो. सारंगदेवोत ने बताया कि युवा पीढी को भारतीय संस्कृति व गुरूकुल पद्धति से रूबरू कराने के उद्देश्य से इसका आयोजन किया जा रहा है। यज्ञ में विद्यापीठ के कार्यकर्ता एवं आमजन भाग लेगे। तकनीकी युग में हम अपनी प्राचीन संस्कृति और हमारी प्राचीन शिक्षा पद्धति को भुलाते जा रहे है, भारत में गुरूकुल शिक्षा पद्धति की बहुत लम्बी परम्परा रही है। प्राचीनकाल में धौम्य, च्यवन ऋषि, द्रोणाचार्य, सांदीपनि, वरिष्ठ, विश्वामित्र, वाल्मीकि, गौतम, भारद्वाज आदि ऋषियों के आश्रम रहे है। बौद्धकाल में बुद्ध, महावीर और शंकराचार्य की परम्परा से जुडे गुरूकुल जगप्रसिद्ध रहे है जहा से विश्व भर से मुक्षु ज्ञान प्राप्त करने आते थे। नवचंडी शक्ति का ही एक अंग है, नवचंडी का पूजन एक यज्ञ का रूप है नवचंडी साधना एक नव दुर्गा पूजा है इस पूजा से जीवन में शक्ति, समृद्धि, सफलता की प्राप्ति होती है। दुर्गा पूजन द्वारा सभी प्रकार की शक्तियों की प्राप्ति संभव हो पाती है। नवचंडी पूजा में भगवान गणेश, भगवान शिव, नव ग्रह व नव दुर्गा पूजा होती है। गुरूकुल आश्रम के संस्थापक डॉ. पण्डित हितेश शर्मा ने बताया कि गुरूकुल में इस समय 90 विधार्थी शिक्षा के साथ साथ भारतीय वैदिक संस्कृति का भी अध्ययन कर रहे है। आचार्य अनिल, प्रो. जीवन सिंह खरकवाल, डॉ. महेश आमेटा, कृष्णकांत कुमावत, डॉ. केपी सिंह, ने भी पूजा अर्चना, नारायण पालीवाल, शोएब कुरैशी ने भाग लिया।

### विद्या भवन स्कूल में हॉकी इंडिया के अध्यक्ष ज्ञानेन्द्रों नींगोम्बम

# लौट आया है भारतीय हॉकी का स्वर्णिम दौर : ज्ञानेन्द्रों



उदयपुर, 6 अगस्त। 40 वर्षों बाद भारतीय हॉकी का स्वर्णिम दौर पुनः आया है। पुरुष व महिला हॉकी टीमों ने टोक्यो ओलंपिक में उम्दा प्रदर्शन किया। अब यह स्कूली बच्चों व हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम हॉकी को अपने दिलों में स्थान दें। खेल मैदान पर कोई जात-पात, उंच-नीच, धर्म नहीं देखा जाता है। खेल सही मायनों में सभी का समायोजन करते हैं। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष ज्ञानेन्द्रों नींगोम्बम ने यह आह्वान आज विद्या भवन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों व स्टाफ से किया। वे आज 'चीयर फॉर इंडिया' कार्यक्रम में शिरकत कर रहे थे। प्राचार्य पुष्पराज राणावत ने बताया कि विद्या भवन में हॉकी की एक लंबी परंपरा रही है। पिछले 70 वर्षों से यहाँ के खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपना लोहा मनवाते रहे हैं। 70 के दशक में विद्यालय दो छात्रों महेंद्र यादव व मदन लाल ने नेशनल स्कूल हॉकी टीम में स्थान बनाते हुए अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हॉकी टीम खेली थी।

इस अवसर पर हॉकी राजस्थान अध्यक्ष अरुण सारस्वत, सचिव कुलदीप सिंह झाला, महासचिव मित्रानंद पूनिया, सोसायटी अध्यक्ष अजय मेहता, उपाध्यक्ष दिलीप गलुण्डिया व पुष्पा शर्मा ने भी हॉकी खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की।

# तीन दिवसीय राजस्थान एल्यूरिंग प्रदर्शनी सम्पन्न




उदयपुर, 6 अगस्त। भारत सरकार की ओर से आयोजित तीन दिवसीय एलयूरिंग राजस्थान 2021 प्रदर्शनी में तीसरे दिन ग्रामीणों कृषिकों विद्यार्थियों महिलाओं ने भाग लेकर विभिन्न तरह के उत्पादों कृषि क्षेत्र में नई तकनीकी और नए विचारों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

स्पाइसेज बोर्ड वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार जोधपुर से आए एमवाई होन्नूर (उपनिदेशक विकास) ने बताया कि उनका बोर्ड विभिन्न तरह के मसालों को देश से बाहर निर्यात करने के लिए लाइसेंस प्रदान करने में मदद करता है। देश में 52 तरह के मसालों का उत्पादन होता है। पिछले साल 30 हजार करोड़ के मसालों का विभिन्न देशों में निर्यात किया गया। मसाले मुख्यतया यूरोपियन देशों में, चाइना, जापान, यूएसए में भारतीय मसालों की कभी मांग रहती है। राजस्थान से पिछले साल जीरा और मेथी का लगभग 6000 करोड़ का निर्यात विभिन्न देशों में हुआ। खासकर लाल मिर्च का इस्तेमाल खाने के साथ ही विभिन्न उत्पादन में भी इस्तेमाल होने के कारण उसकी डिमांड ज्यादा रहती है। लाल मिर्च का प्राकृतिक कलर निकालकर उसे लिपस्टिक बनाया जाता है, झंडू बाम और विक्स बनाने में भी लाल मिर्च से निकलने वाले पदार्थ का उपयोग किया जाता है।

प्रदर्शनी में नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन इंडिया के डॉक्टर पार्थ कुमार ने बताया कि वह प्रदर्शनी के माध्यम से बच्चों के नए नए आइडियाज और उनकी क्रिएटिविटी को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का काम करते हैं। इससे अब तक कई विद्यार्थी और बच्चे लाभान्वित हो चुके हैं और हो भी रहे हैं। बच्चों को एवार्ड भी देते हैं। विभिन्न तरह की जानकारी देने के लिए बुकलेट्स, पेम्पलेट्स आदि भी उपलब्ध करवाए जाते हैं।

# चमकते सितारे




## श्री सांडेश्वर महादेव में ध्वजारोहण के साथ ही सात दिवसीय रुद्री पाठ का समापन



उदयपुर, 6 अगस्त। अशोक नगर स्थित प्राचीन मंदिर श्री सांडेश्वर महादेव मंदिर में सावन प्रदोष के अंतिम दिन ध्वजारोहण के साथ ही सात दिवसीय रुद्री पाठ का समापन हुआ।

उक्त कार्यक्रम में मंदिर समिति अध्यक्ष श्री के के शर्मा एवं महासचिव जगत जी नागदा उपस्थित रहे। मंदिर परिसर में श्रद्‌धालुओं की भीड़ रही कई श्रद्धालु लाभान्वित हुए।

## वचनों का उपयोग करना मौन साधना से कम नहीं : आचार्य मृदुरत्नसागर

उदयपुर, 6 अगस्त। श्री जैन श्वेताम्बर महासभा के तत्वावधान में तपागच्छ स्थली आयड़ तीर्थ पर वर्षावास कर रहे आचार्य मृदुरत्नसागर सूरिश्वर जी म.सा. ने शुक्रवार को धर्मसभा में कहा कि चेहरे का सौंदर्य ही सौंदर्य नहीं होता यह सौंदर्य तभी अच्छा लगता है जब वचनों में शालीनता का माधुर्य हो, बड़े व्यक्ति की खासियत होती है वे कभी ओछे शब्दों का प्रयोग नहीं करते। चेहरे की या वेशभूषा की सुंदरता का ही ध्यान न दिया जाए, वचनों की शालीनता और सत्यता का भी ध्यान रखा जाए। यह बड़प्पन की निशानी है। लोग भाषा और व्यवहार से पहचान लिए जाते हैं। समझपूर्वक अपने वचनों का उपयोग करना मौन साधना से कम नहीं होता।

## वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

उदयपुर, 6 अगस्त। आज टेक्नोलॉजी पार्क, अभियांत्रिकी एवम् प्रोद्योगिकी महाविद्यालय , उदयपुर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. नरेंद्र सिंह राठौड़, कुलपति, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर एवं डॉ पी. के. सिंह, अधिष्ठाता सीटीएई, डॉ. एस के शर्मा अनुसंधान निदेशक, डॉ एस आर भाकर डीआरआई, डॉ अजय कुमार शर्मा, डॉ एस के इंटोदिया, नथ्थू सिंह, 10 राज. ब. एनसीसी एवं महाविद्यालय के एनसीसी के छात्रो सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सरोद पर चली अंगुलियों व तबले की थाप में खोये



उदयपुर, 6 अगस्त। महाराणा कुंभा संगीत परिषद की ओर से आज सरदारपुरा स्थित कुंभा भवन में मासिक संगीत गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें कलकत्ता के प्रख्यात सरोद वादक प्रनब भट्टाचार्य की सरोद पर चली अंगुलियों व तबले पर कलकत्ता के ही निलिमेश चक्रवती की थाप में रसिक श्रोता खो गये।

अरनब भट्टाचार्य ने कार्यक्रम शुरूआत राग कौंसी कांहड़ा में विलंबित खयाल में आलापए जोड़ एझाला ताल तीनताल में प्रस्तुति से की। उसके बाद मध्य एवं द्रुत लय में बंदिश की प्रसतुत ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अरनब ने इसके बाद राग चंद्रकौंस एवं राग चारुकेशी में मध्य लय में पारम्परिक बंदिशों की प्रस्तुति दे कर श्रोताओं को इससे अवगत कराया। महाराणा कुंभा संगीत परिषद के सभी कार्यकारिणी अध्यक्ष एवं शहर के सुधी श्रोतागण कार्यक्रम में मौजूद थे। प्रारम्भ में सुशील दशोरा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और अंत में डॉ प्रेम भंडारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।


bajaj CONSUMER CARE

**Bajaj Consumer Care Limited**
CIN: L01110RJ2006PLC047173
Regd. Office : Old Station Road, Sevashram Chouraha, Udaipur 313 001, Rajasthan
Phone: 0294-2561631-32 ● Website: www.bajajconsumercare.com
Email: complianceofficer@bajajconsumer.com

**Extract of Consolidated Unaudited Financial Results for the first quarter ended June 30, 2021**

(₹ In lacs)

| Particulars | Unaudited Quarter ended June 30, 2021 | Audited FY ended March 31, 2021 | Unaudited Quarter ended June 30, 2020 |
|---|---|---|---|
| Total income from operations (net) | 21,671.78 | 92,181.44 | 19,758.03 |
| Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 5,922.18 | 27,036.07 | 6,568.35 |
| Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 5,922.18 | 27,036.07 | 6,568.35 |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 4,890.28 | 22,313.27 | 5,423.69 |
| Total Comprehensive Income (net of tax) | 4,881.93 | 22,363.34 | 5,423.77 |
| Equity Share Capital | 1,475.40 | 1,475.40 | 1,475.34 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve) | | 74,235.28 | |
| Earnings Per Share (before extraordinary items) (of ₹ 1/- each) | | | |
| Basic : | 3.31 | 15.12 | 3.68 |
| Diluted: | 3.31 | 15.12 | 3.68 |
| Earnings Per Share (after extraordinary items) (of ₹ 1/- each) | | | |
| Basic : | 3.31 | 15.12 | 3.68 |
| Diluted: | 3.31 | 15.12 | 3.68 |

**The Financial details on standalone basis are as under:** (₹ In lacs)

| Particulars | Unaudited Quarter ended June 30, 2021 | Audited FY ended March 31, 2021 | Unaudited Quarter ended June 30, 2020 |
|---|---|---|---|
| (a) Total income from operations (net) | 21,529.41 | 91,462.72 | 19,605.73 |
| (b) Profit Before Tax | 5,921.92 | 27,091.51 | 6,566.56 |
| (c) Profit After Tax | 4,887.24 | 22,356.94 | 5,418.97 |

**Note:**

a) The above results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meetings held on August 05, 2021.

b) The above is an extract of detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the websites of the Stock Exchange where shares of the Company are listed i.e. www.bseindia.com and www.nseindia.com and also on the website of the Company i.e. www.bajajconsumercare.com.

Place : Mumbai
Date : 05.08.2021

For Bajaj Consumer Care Limited
Sd/-
Jaldeep Nandi
Managing Director
DIN : 06938480

bajaj GROUP


# कोविशील्ड टीकाकरण के छह माह बाद बूस्टर डोज की आवश्यकता
# पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, उदयपुर के शोध परिणाम



उदयपुर,6 अगस्त। पेसिफिक मेडिकल कॉलेज, उदयपुर के औषधि विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं वर्तमान में प्रोफेसर एमेरिटस डॉ.एस.के.वर्मा एवं बायोकेमिस्ट्री विभागाध्यक्ष प्रो.नीता साही के संयुक्त तत्वाधान में कोरोना टीकाकरण अभियान के प्रथम चरण में जिन स्वास्थ्यकर्मियों को सर्वप्रथम टीका लगाया गया था उनमें टीकाकरण के बाद बनने वाली एंटीबाडीज पर अध्ययन किया गया। शोध परिणामों की विवेचना करते हुए डॉ.एस.के.वर्मा ने बताया की कोविशील्ड टीकाकरण की पहली खुराक के एक महीने बाद ही 80 प्रतिशत लोगों में एंटीबाडी विकसित हुई जिनका औसत स्तर 10 था और टीके की दूसरी खुराक के एक महीने बाद एंटीबाडी का स्तर 85 प्रतिशत में पाया गया,जिसका औसत 10 से बढ़कर 13 हो गया। टीकाकरण के छह माह बाद पाया गया की एंटीबाडी का स्तर 57 प्रतिशत लोगो में निम्न स्तर पर पहुंचकर औसत 2 हो गया तथा 43 प्रतिशत में तो एंटीबाडी स्तर शून्य था। डॉ.एस.के.वर्मा ने स्पष्ट किया कि इस अध्ययन में एक रोचक तथ्य सामने आया कि जो लोग टीकाकरण के बाद कोरोना पीड़ितों के संपर्क में आये उनका एंटीबाडी स्तर उच्चतम था परन्तु उनमें कोरोना के लक्षण नहीं दिखाई दिए। इस शोध से यह स्पष्ट हुआ कि कोविशील्ड टीकाकरण की कोरोना से लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता छह माह बाद घट जाती है और उन्हें बूस्टर डोज की आवश्यकता होती है। प्रो.नीता साही ने बताया की टीकाकरण गंभीर कोरोना बीमारी से बचाता है परन्तु कोरोना संक्रमण से नहीं। इसलिए हमें कोरोना प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करने की आवश्यकता है।



पेसिफिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.ए.पी.गुप्ता ने बताया की इस शोध परिणाम से यह निष्कर्ष निकलता है कि कोविशील्ड टीकाकरण की प्रतिरोधक क्षमता छह माह बाद कम हो जाती है। ऐसी स्थिति में टीके की बूस्टर डोज आवश्यक है।

# गीतांजली हॉस्पिटल में हुआ (डिज़ोलविंग स्टेंट) घुलने वाले स्टेंट से हार्ट ब्लॉकेज का उपचार

## ( हार्ट ब्लोकेज वाले 62 वर्षीय मरीज का हुआ सफल ईलाज )



उदयपुर, 6 अगस्त। दिल के मरीजों के लिए एक अच्छी खबर है अब उन्हें ब्लॉकेज के उपचार के लिए मेटेलिक स्टेंट्स लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी क्योंकि शरीर में घुलने वाले स्टेंट से सरल और सफल उपचार किया जा सकता है। गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ने अत्याधुनिक बायोरिसोर्बेबल वैस्क्यूलर स्टेंट्स का प्रत्यारोपण कर 62 वर्षीय गंभीर हृदय रोगी का सफल उपचार किया है, यह स्टेंट लगभग तीन साल में शरीर में घुल जाता है। कम उम्र के हृदय रोगियों के लिए यह अच्छा उपचार विकल्प साबित हो सकता है। नवीनतम तकनीक का उपयोग करके कार्डियोलॉजिस्ट के डॉ. रमेश पटेल, डॉ. कपिल भार्गव, डॉ. डैनी मंगलानी व टीम ने यह सफलतम प्रोसिजर किया है। डॉ. रमेश पटेल ने बताया कि 62 वर्षीय छाती में दर्द के मरीज को अस्पताल लाया गया7 एंजियोग्राफी करने पर हार्ट में ब्लोकेज का पता लगा, रोगी की उम्र, सुरक्षा और सफलता को ध्यान में रखते हुए उन्हें बायोरिसोर्बेबल वैस्क्यूलर स्टेंट्स सलाह दी गयी। मरीज की स्वीकृति के बाद ब्लॉकेज हटाने के लिए बायोरेसोर्बेबल स्टेंट लगाया गया। अभी मरीज पूरी तरह से स्वस्थ है। पूरा प्रोसिजर एंजियोप्लास्टी कोरोनरी इमेजिंग (आई.वी.यू.एस) की सहायता से किया गया जिसमें पैर या हाथ की नस के माध्यम से ब्लॉकेज को खोला जाता है।

## 460 बच्चों को इम्यूनिटी बूस्टर स्वर्ण प्राशन पिलाया



उदयपुर, 6 अगस्त। वार्ड 58 डॉक्टर शिल्पा पामेचा ने बताया वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ शोभा लाल औदिच्य के निर्देशन में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय फूटा दरवाजा, सिंधी बाजार में 460 बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया गया। डॉ शोभा लाल×जी ने बताया प्रत्येक शुक्रवार एवं प्रत्येक पुष्य नक्षत्र पर जब तक कोरोना खत्म नहीं हो जाता। तब तक बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया जाएगा ,इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में वार्ड के वरिष्ठ त्रिलोक मेहता मौजूद रहे ।साथी ही एडवोकेट चंद्रकिरण शाकद्वीपी, कुलदीप मेहता, श्याम प्रजापत, दिनेश पारीक, निहाल सिंह जी ,लालजी कुमावत ,चंद्र प्रकाश चित्तौड़ा, दीपक पामेचा आदि मौजूद रहे।


स्वाईन से बचाव एवं उपचार के लिए तुरन्त असरकारक

**जागृति फिवरिन काढा**

स्वाईनफ्लू, डेंगू एवं चिकनगुनिया और उससे उत्पन्न सर्दी, जुकाम, खांसी, बुखार, बदन दर्द इत्यादी में लाभप्रद, शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है।

**JAGRITI FEVRIN KADA**

**Jyoti Stores**

(A Leading Merchant in Ayarvedic medicines)

**ज्योति स्टोर्स**

Out side Delhi Gate UDAIPUR-313001 (Raj)

अनुभवी चिकित्सा परामर्श भी उपलब्ध, फोन नं. : 2420016 (S)

Email : jagritiherbs@yahoo.co.in. Website : www. jagritiayurved.com


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक शैलेश व्यास द्वारा जय राजस्थान दैनिक कार्यालय : 126, एबीसी हिरण मगरी सेक्टर-11, चन्द्रदुर्ग उपवन, शाहीबाग के पीछे, उदयपुर 313002 से प्रकाशित नोवा प्रिंटर्स, 5 बागर गली, हाथीपोल से मुद्रित, आरएनआई नम्बर : 23554/72, डाक पंजीयन : RJ/UD/29-45/2021-2023 फोन टेलिफेक्स : ( 0294 ) 2487066, 9928090996 ( मो. 9829044996 सम्पादक शैलेश व्यास )। e mail I.D. : jai.rajasthan@hotmail.com, jai.rajasthan72gmail.com